aglasem.com

FOR UP CLASS 12 PREPARATION

UP Board Class 12th Model Paper 2027 History

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
UP Class 12	2027	Sample Paper	History

प्रतिदर्श प्रश्न पत्र
(सत्र 2026–27)
कक्षा–12
विषयः– इतिहास

समयः 3 घण्टे 15 मिनट | पूर्णांक– 100

निर्देशः सामान्य निर्देशः

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(ii) इस प्रश्न पत्र में पाँच खण्ड हैं। खण्ड 'क' में 10 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। खण्ड 'ख' में 05 अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं, जिसका उत्तर लगभग 30 शब्दों में देना है। खण्ड 'ग' में 06 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिसका उत्तर लगभग 80 शब्दों में देना है। खण्ड 'घ' में 03 विस्तृत उत्तरीय प्रश्न हैं, जिसका उत्तर लगभग 200 से 250 शब्दों में देना है। खण्ड 'ड.' में 10 प्रश्न ऐतिहासिक तिथियों व 05 मानचित्र से सम्बन्धित प्रश्न हैं।

(iii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(iv) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र–कार्य के स्थान पर अलग से उत्तर लिखने के लिए प्रश्न दिए गए है।

खण्ड'क'

बहुविकल्पीय प्रश्न–

1. चोल, चेर और पांडय जैसे राज्यों का उदय हुआ– 1

(क) कलिंग में (ख) तक्षशिला में

(ग) तमिलकम् में (घ) कौशाम्बी में

2. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए– 1

(a)	अलेक्जेण्डर कनिंघम	(i)	हड़प्पा में मुहरों की खोज
(b)	दयाराम साहनी	(ii)	भारतीय पुरातत्व के जनक
(c)	राखाल दास बनर्जी	(iii)	'द स्टोरी ऑफ इंडियन आर्कियोलॉजी के लेखक
(d)	एस0 एन0 राव	(iv)	हड़प्पा के समान महोनजोदड़ों में मुहरों की खोज

A) a – (ii), b – (i), c – (iv), d – (iii)

B) a – (i), b – (ii), c – (iii), d – (iv)

C) a – (iii), b – (i), c – (iv), d – (ii)

D) a – (iv), b – (ii), c – (iii), d – (i)

3. फ्रांस्वा बर्नियर था– 1

(क) चिकित्सक (ख) राजनीतिक

(ग) दार्शनिक (घ) उपर्युक्त सभी

4. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए– 1

(a)	अलबरूनी	(i)	रिह्ला
(b)	इब्नबतूता	(ii)	ट्रैवल्स इन द मुगल एम्पायर
(c)	फ्रांस्वा बर्नियर	(iii)	किताब–उल–हिन्द
(d)	अब्दुल रज्जाक समरकंदी	(iv)	विजय नगर शहर का वर्णन

A) a – (iii), b – (i), c – (ii), d – (iv)

B) a – (i), b – (ii), c – (iii), d – (iv)

C) a – (iv), b – (iii), c – (i), d – (ii)

D) a – (iv), b – (ii), c – (i), d – (iii)

5. **भक्ति–आन्दोलन में 'अंडाल' थीं–** 1

(i) वह अलवार स्त्री भक्त थीं।

(ii) वह नयनार स्त्री भक्त थीं।

(iii) वह स्वयं को बिष्णु की प्रेयसी मानकर प्रेम भावना छन्दों में व्यक्त करती थीं।

(iv) इन्होंने उद्देश्य प्राप्ति हेतु घोर तपस्या का मार्ग अपनाया ।

A) (i)(iii)(iv)

B) (ii)(i)(iii)

C) (iv)(iii)(ii)

D) केवल (i)(iii)

6. **निम्नलिखित में से कौन लिंगायत समुदाय से सम्बन्धित नहीं है?** 1

A) इस समुदाय का उद्भव कर्नाटक में हुआ।

B) इस समुदाय का नेतृत्व वासवन्ना ने किया।

C) ये पुनर्जन्म में विश्वास रखते थे।

D) इस समुदाय में मृत्यु के उपरान्त शवों को दफनाया जाता था।

7. **चौरी–चौरा की हिंसक घटना के बाद स्थगित किया गया आन्दोलन है–** 1

(क) भारत छोड़ो आन्दोलन (ख) सविनय अवज्ञा आन्दोलन

(ग) असहयोग आन्दोलन (घ) होमरूल आन्दोलन

8. **संविधान सभा में 'ऐतिहासिक उद्देश्य' का प्रस्ताव पेश किया था–** 1

(क) महात्मा गाँधी (ख) जवाहर लाल नेहरू

(ग) राजेन्द्र प्रसाद (घ) सरदार वल्लभ भाई पटेल

9. **कथन– खिलाफत आन्दोलन मुहम्मद अली और शौकत अली के नेतृत्व में भारतीय मुसलमानों द्वारा चलाया गया था।** 1

कारण– प्रथम विश्व युद्ध में तुर्की की हार के पश्चात 'खलीफा' (जो विश्व भर के मुसलमानों के धार्मिक गुरू थे) का पद और सन्ता समाप्त होने का डर था।

A) a और b दोनों सही है b, a की सही व्याख्या करता है।

B) a सही है b गलत है।

C) b सही है a गलत है।

D) a और b दोनों सही है a, b की सही व्याख्या नहीं करता है।

10. **अंग्रेज तो चल गए, मगर जाते–जाते शरारत का बीज बो गए यह कथन है–** 1

(क) जवाहर लाल नेहरू का (ख) सरदार वल्लभ भाई पटेल का

(ग) गोविंद वल्लभ पंत का (घ) लियाकत अली खान का

खण्ड'ख'

अति लघु उत्तरीय प्रश्न (लगभग 30 शब्दों में)

11. सेलखड़ी क्या है? सेलखड़ी का हड़प्पा सभ्यता में क्या उपयोग था? 1+1

12. छठी से चौथी शताब्दी ईसा पूर्व में मगध(आधुनिक बिहार) के उत्कर्ष के दो कारण लिखिए। 1+1

13. 'ताराबबाद' क्या था? इसका उल्लेख किसने किया है? 1+1

14. सगुण और निर्गुण भक्ति परम्परा में दो अन्तर लिखिए। 1+1

15. ''पृथक निर्वाचक वर्ग'' का क्या आशय है? 1+1

खण्ड'ग' 2

लघु उत्तरीय प्रश्न(लगभग 80 शब्दों में)

16. स्पष्ट कीजिए कि विशिष्ट परिवारों में पितृवंशिकता क्यों महत्वपूर्ण रही होगी? 5

17. विजयनगर शहर के किले बंद क्षेत्र में कृषि को रखने के क्या फायदे और नुकसान थे? 2.5+2.5

18. जमींदार अपनी जमींदारियों पर किस प्रकार नियंत्रण बनाए रखते थें? 5

19. बे शरिया और बा शरिया सूफी परम्परा में समानता और अन्तर स्पष्ट कीजिए। 2.5+2.5

20. अभिलेख शास्त्रियों को होने वाली किन्हीं पाँच समस्याओं की सूची बनाइए? 1+1+1+1+1

21. संविधान सभा में भाषा के विवाद को हल करने के लिये क्या रास्ता निकाला गया? 5

खण्ड'घ'

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न(लगभग 200 से 250 शब्दों में)

22. स्तूप क्यों और कैसे बनाए जाते थे? 10

अथवा

सांची के स्तूप के संरक्षण में भोपाल की बेगमों की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

23. मुगल भारत में जमींदारों की भूमिका स्पष्ट कीजिए? 10

अथवा

पंचायत और गांव का मुखिया किस तरह से ग्रामीण समाज का नियमन करते थे?

24. अवध में विद्रोह इतना व्यापक क्यों था? किसान, ताल्लुकेदार और जमींदार उसमें क्यों शामिल हुए? 5+5

अथवा

1857 ई0 में विद्रोह करने वाले विद्रोही क्या चाहते थे? कई स्थानों पर विद्रोही सिपाहियों ने नेतृत्व संभालने हेतु पुराने शासकों से क्या आग्रह किया?

खण्ड'ड.'

26. निम्नलिखित ऐतिहासिक तिथियों से सम्बन्धित घटनाओं का उल्लेख कीजिए:–

(i) 78 ई0 1

(ii) 320 ई0 1

(iii) 712 ई0 1

(iv) 1526 ई0 1

(v) 1739 ई0 1

(vi) 1761 ई0 1

(vii) 1765 ई0 1

(viii) 1793 ई0 1

(ix) 1929 ई0 1

(x) 1942 ई0 1

मानचित्र सम्बन्धित प्रश्न

26– दिए गए भारत के रेखा–मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को चिन्ह ◯ द्वारा दर्शाइए तथा उनके नाम भी लिखिए। सही नाम तथा सही स्थान दर्शाने के लिए 1+1 अंक निर्धारित है।

(i) वह हड़प्पा स्थल जहाँ से बाजरे के दाने प्राप्त हुए थे। 1+1

(ii) वह हड़प्पा स्थल जहाँ से मिट्टी से बने हल का प्रतिरूप मिला है। 1+1

(iii) वह स्थान जहाँ से वीर शैव व लिंगायत परम्परा की शुरूआत हुई। 1+1

(iv) वह स्थान जहाँ गाँधी जी ने नमक का कानून तोड़ा। 1+1

(v) वह स्थान जहाँ गाँधी जी ने नील उत्पादक किसानों के शोषण के विरूद्ध सत्याग्रह किया। 1+1

(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 26 के मानचित्र–कार्य के विकल्प स्वरूप)

निर्देश: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

(i) बाजरे के दाने किस हड़प्पा स्थल से प्राप्त हुए थे? 2

(ii) मिट्टी से बने हल का प्रतिरूप किस हड़प्पा स्थल से प्राप्त हुआ है? 2

(iii) वीर शैव एवं लिंगायत परम्परा की शुरूआत कहाँ से हुई? 2

(iv) गाँधी जी ने नमक कानून कहाँ तोड़ा? 2

(v) गाँधी जी ने नील उत्पादक किसानों के शोषण के विरूद्ध सत्याग्रह कहाँ किया? 2